हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 नवंबर 2025

04 छात्राओं को वास्तविक औद्योगिक कार्यप्रणाली...



07 औद्योगिक क्षेत्र गहरी खाईयों में तब्दील माफिया करोड़ों की मुरम खोद ले गए





## समाचार संक्षेप

### जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश


**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित



समाधान करने के निर्देश दिए। विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 215 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर कन्याल ने दी 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद नागरिक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदक भगवान लाल शर्मा पुत्र स्व. भोलराम शर्मा निवासी गुना द्वारा प्रस्तुत आवेदन में बताया गया कि कैंसर के इलाज के लिये प्रार्थी के पास रूपये की आवश्यकता हैं,



जिस पर आवेदक की परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 10 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।

### जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र गुना में एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत शिविर का किया आयोजन

**गुना।** भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र गुना में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में 14 कान की मशीन, 04 ट्राईसिकल, 05 मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, 13 छड़ी, 23 नीब्रेस, 10 एल एस बेल्ट, 07 व्हीलचेयर, 02 कैलिपर हेतु कुल 27 दिव्यांगों एवं वरिष्ठ जनों




को चिह्नांकित गया। इसके साथ ही एलिम्को टीम द्वारा सेवाभारती आनंदधाम वृद्धाश्रम केन्ट गुना में जाकर वृद्धजनों को चिन्हांकन किया गया। इस अवसर पर एलिम्को टीम के डॉक्टर हंजाला इरशाद, डॉ. प्रणय मिश्रा ऑडियोलॉजिस्ट, हृदेश सिंघल सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, नीतेश शर्मा, आकाश जैन, रिंकी तोमर आदि उपस्थित रहे।

### जिले के 52 परीक्षा केन्द्रों पर ओलम्पियाड प्रतियोगिता संपन्न

**गुना।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार आज जिले के 52 परीक्षा केन्द्रों पर ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा प्रथम चरण जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय का आयोजन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया गया। इस परीक्षा में जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 तक चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ओ.एम.आर. सीट पर आयोजित की गई जिसमें नन्हे-मुन्हें बच्चों ने परीक्षा के प्रति बड़ा उत्साह देखा गया। इस छोटी उम्र में ओ.एम.आर. सीट भरने का उनका पहला प्रयास बहुत अच्छा रहा।

## नंबर-1 गुना: बारिश का पानी सहेजा, राष्ट्रपति ने दिया अवॉर्ड




### इनका कहना है

यह वास्तव में बेहद गौरवशाली क्षण है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर अभी भी बहुत जागरुकता की जरूरत है। अगर हम सभी बारिश के पानी को सहेजने की दिशा में काम करें, तो शहर को कभी जलसंकट का सामना ही नहीं करना पड़ेगा।
**-किशोर कुमार कान्याल,** कलेक्टर गुना।

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति दिखाई गई जागरुकता ने नगरपालिका को राष्ट्रपति अवार्ड दिला दिया। खुद देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता और प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री को यह अवार्ड सौंपा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बारिश से पहले ही कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने सभी सरकारी कर्मचारियों से अपने-अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की थी। इस अपील का असर यह हुआ कि गुना शहर को 2 हजार घरों का लक्ष्य मिला था, जिसके उलट 2 हजार 231 घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लग गए। मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों गुना शहर को यह गौरव हांसिल हुआ है।



### 50 निकायों में टॉप पर

गुना गत 25 मई से 30 मई के भीतर 2000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लक्ष्य के विरुद्ध निकाय ने 2231 सिस्टम के जियो टैग फोटो पोर्टल पर अपलोड किए। इसके साथ ही निकाय क्षेत्र में स्थित लगभग 10 से 15 कुओं का भी जीर्णोद्धार कर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। नगर पालिका परिषद गुना ने देश भर में कैटेगरी टॉप-50 निकाय (नगर निगमो छोड़कर) में 5 दिवस में 2 हजार लक्ष्य के विरुद्ध 2 हजार 231 फोटो अपलोड किए। इस कैटेगरी में देश भर के **ULB's** (शहरी स्थानीय निकायों) में एकमात्र गुना ने यह काम कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह पहला मौका है जब गुना नगरपालिका को राष्ट्रपति से अवॉर्ड मिला है। इसमें नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### इस तरह हुआ काम

जल संचय जन भागीदारी (**JSJB**) के अंतर्गत निकाय द्वारा सबसे पहले कलेक्टर किशोर कन्याल और प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री के निर्देशन में कार्य योजना तैयार की गई। इसके लिए विशेष दलों का गठन किया गया। प्रत्येक दल को निकाय क्षेत्र में आने वाले शासकीय परिसर, निजी परिसर, हॉस्पिटल्स, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स, निजी कालोनियां और कुआं-बावड़ी आदि का सर्वे करने के लिए भेजा गया। इन सभी स्थानों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की स्थिति का जायजा लिया गया।

### कलेक्टर ने भी दिखाई दिलचस्पी

रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर कलेक्टर ने भी जबर्दस्त दिलचस्पी दिखाई। इस व्यवस्था को बकायदा अभियान के तौर पर लिया गया और एक सर्वे दल का भी गठन किया ग। 2 दिनों में दलों ने अपनी रिपोर्ट दी, जिसमें पाया गया कि अधिकतर स्थानों पर जन जागरूकता से लोगों ने और शासकीय परिसरों में निर्माण एजेंसियों ने सिस्टम लगा रखे हैं। कुछ स्थानों पर छोटी-मोटी मरम्मत की जरूरत थी। लिहाजा निकाय ने इन सभी सिस्टम का अवलोकन कर मरम्मत कार्य कराया गया।

### अल्फा स्कूल प्रबंधन पर लगे गंभीर आरोप

## डायबिटीज रोग से पीड़ित बच्ची के साथ स्कूल में प्रताड़ना!

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में संचालित निजी स्कूलों की मनमानी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला अल्फा स्कूल का है, जिसके प्रबंधन पर एक बार फिर से गंभीर लगे हैं। स्कूल प्रबंधन पर डायबिटीज (मधुमेह) रोग से ग्रस्त बच्ची की सेहत के प्रति लापरवाही के साथ ही उसके पिता के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत कलेक्टर तक पहुंची है।

दरअसल भगत सिंह कॉलोनी निवासी ज्योति भुगड़ा थापर की ओर से जनसुनवाई में दर्ज कराई गई है, उनकी एक बच्ची अल्फा स्कूल में कक्षा सात की छात्रा है। जबकि दूसरी बेटी ईशिता जो कि 6 वर्ष की है इसी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। वह पिछले दो वर्षों से टाइप वन डायबिटीज रोग से पीड़ित है। जिसमें शुगर की मात्रा को संतुलित रखने के लिए बच्ची को खाने से पहले शुगर का टीका अनिवार्य रहता है।



### इनका कहना है

प्रबंधन द्वारा पूरे समय बच्ची को इंजेक्शन एवं खाने के लिए दिए जा रहे हैं। ये आरोप पूरी तरह गलत हैं, कि हम बच्ची को प्रताड़ित कर रहे हैं। बच्ची के पिता का खुद स्कूल टीचर्स के साथ अच्छा व्यवहार नहीं रहता।
**-जॉय वर्गीस,** संचालक अल्फा स्कूल गुना।

### नए टीचरों को नहीं दी जानकारी

समय-समय पर बच्ची के शरीर में शुगर की मात्रा संतुलित रखने के लिए जांच भी करानी पड़ती है। बच्ची की माता का आरोप है कि पहली क्लास के बच्चों को स्कूल में 6-6 टीचरों द्वारा पढ़ाया जाता है। नए आने वाले टीचरों को बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में प्रबंधन द्वारा अवगत नहीं कराए जाने पर जब परिजन लंच के पहले उसे इंसुलिन देने स्कूल में पहुंचते हैं तो उन्हें कई बार टीचर के अभद्र व्यवहार का शिकार बनना पड़ता है। शिकायत में आरोप है कि 6 वर्ष की ईशिता स्कूली पढ़ाई में प्रथम स्थान पर रहकर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनी हुई है। लेकिन उसके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ माता-पिता के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### भोजन के लिए सिर्फ 15 मिनट

स्कूल में विभिन्न असुविधाओं का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता ने बच्ची को भोजन के लिए दिए जा रहे 15 मिनिट के समय को भी अपर्याप्त बताया है। क्योंकि इसी समय में उसे इंसुलिन देना होती है और अपने सामने खाना भी खिलाना होता है। इसी पर से मां ने जनसुनवाई में शिकायत करते हुए स्कूल में नियमों के विधिवत पालन पर जोर देते हुए इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

## मां की प्रापर्टी पर लोन लेकर फरार हुआ बेटा

**निजी फाइनेंस कंपनी ने मकान पर चस्पा किया नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मां के हिस्से की प्रापर्टी पर लोन लेकर एक कलियुगी बेटा रातोंरात फरार हो गया है। जैसे ही इस बात की जानकारी माता-पिता के साथ अन्य परिजनों को लगी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बताया जाता है कि जिस युवक के नाम पर लोन था, उसने किश्तों की अदायगी नहीं की। लिहाजा फायनेंस कंपनी ने अब उसकी मां के मकान पर ऋण वसूली नोटिस चस्पा कर दिया है। यह पूरा मामला आरोन कस्बे का है, जहां रहने वाले मनोज लोधी ने आधार फायनेंस कंपनी से लोन लिया था। चूकिं कंपनी मकान को गिरवी रखकर लोन उपलब्ध कराती है। लिहाजा मनोज ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर अपनी मां के नाम पर दर्ज मकान को कंपनी के पास गिरवी रख दिया।



### पिता बोले, मेरी पत्नी का घर आरोपी का नहीं कुछ

मनोज लोधी के पिता और छोटे भाई को तब पता चला जब उनके घर आधार फाइनेंस कम्पनी वाले नोटिस चस्पा करने पहुंचे। हंगामा बढ़ता देख मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए और फाइनेंस कम्पनी कर्मचारियों से बात की। तब इस बात की जानकारी घर वालों को लगी तब वहा मीडिया भी घटनास्थल पर पहुंच गई मीडिया से बातचीत करने के बाद पता चला कि फर्जी दस्तावेज दिखा कर मनोज ने लोन निकाल लिया है। उसके पिता रणधीर सिंह लोधी ने बताया कि मनोज 20 साल से अलग रह रहा है उसके नाम पर यहां पर कोई प्रॉपर्टी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस मकान पर लोन लिया गया है, वह उनकी पत्नी लक्ष्मीबाई के नाम पर दर्ज है।

### कोर्ट पहुंचा मामला

अब ये पूरा मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। मामले में अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि मनोज कुमार ने अपने नाम से प्रॉपर्टी के जो डॉक्यूमेंट दिए हैं, उसके आधार पर ही मनोज कुमार लोधी को लोन दिया है। अब यह मामला कोर्ट में है, मनोज कुमार के पिता अपने डॉक्यूमेंट कोर्ट में जमा करें जिससे पता चले कौन से डॉक्यूमेंट सही है। इधर पार्षद सोनू रघुवंशी ने मौके पर पहुंचकर आवास कुटी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रॉपर्टी लक्ष्मीबाई रणधीर सिंह राजकुमार लोधी के नाम पर है और मेरे द्वारा सर्वे कराकर इन्हें प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी दिया गया है।

## कहीं लहराईं खाद की पर्चियां तो कहीं चक्काजाम

**विकराल होती जा रही गुना जिले में खाद की समस्या, अन्नदाता हो रहा परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बीच कृषि कार्यालय में स्थित खाद वितरण केन्द्र पर लाइनों में लगे सैंकड़ों किसानों को खाद वितरण की पर्चियां पकड़ा दी गईं। नतीजा भड़के किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में चल रही जनसुनवाई में पहुंचकर हाथों पर्चियां लहराते हुए शिकायत की है।

पूरे मामले में हैरत की बात यह है कि उक्त सभी किसान तड़के 3 बजे से खाद के लिए इस केंद्र पर लाइनों में लगे हुए थे, लेकिन फिर भी खाद ना मिल पाने के कारण उनका आज का दिन बर्बाद हो गया है। उधर कृषि विभाग के लाख दावों के बाद भी दोपहर में बाघेरी केन्द्र पर पर्याप्त खाद न मिल पाने के कारण नाराज किसानों ने रोड पर आकर चक्का जाम कर दिया।



### खाली पकड़ा दीं पर्चियां

दरअसल जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बीच मंगलवार सुबह के पहले तीन बजे से ही सैंकड़ों किसान कलेक्ट्रेट रोड पर स्थित एग्रो इंडस्ट्रीज के वितरण केंद्र पर खाद के लिए लाइनों में लग गए थे। जहां घंटों इंतजार के बाद जैसे तैसे 10 बजे के बाद स्टाफ पहुंचा। इसके बाद भी खाद के लिए टोकन देने के कार्य में विलंब किया जाता रहा, जिससे किसानों का आक्रोश बढ़ते-बढ़ते चरम पर पहुंच गया। जिसे देखते हुए केंद्र पर पदस्थ कर्मचारियों ने आनन-फानन में इन सभी किसानों को खाद के टोकन के नाम पर कोरी पर्चियां ही बांट दीं और फिर काउंटर बंद कर दिया। इसी बीच जब किसानों ने उन्हें मिली पर्चियां देखीं तो वे सभी पर्चियां कोरी निकलीं।

## प्रभारी मंत्री राजपूत आज गुना में

**गुना।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत कल बुधवार को एक दिवसीय गुना दौरे पर रहेंगे। वे सुबह साढ़े 10 बजे शिवपुरी से चलकर दोपहर 2 बजे गुना पहुंचे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। रात 8 बजे मंत्री श्री राजपूत व्हाया आरोन होकर सागर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## चोरी की बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कोतवाली पुलिस को वाहन चैकिंग के दौरान अहम सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें चोरी की बाईक के साथ दो शातिर बाईक चोर गिरफ्तार कर, उनके कब्जे से चोरी की दो मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। एसपी अंकित सोनी के निर्देशानुसार सोमवार शाम कोतवाली पुलिस की एक टीम द्वारा हरिपुर रोड पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट की एक हीरो सीडी डीलक्स मोटर सायकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर जिनसे गाड़ी के दस्तावेज मांगे जाने पर उनके द्वारा अपने पास गाड़ी के कोई दस्ताबेज न होना बताया और गोलमोल जबाव देना शुरु कर दिया, जिससे उन पर संदेह होने पर पुलिस द्वारा उनसे हिकमत अमली से पूछताछ की गई, जिसमें उनके द्वारा अपने नाम धर्मेन्द्र उर्फ मुर्गा पुत्र तोरन सिंह लोधा (25) निवासी चांदशाह बली रोड एवं लोकेन्द्र पुत्र कल्याण सिंह लोधा (25) साल निवासी पुरानी छावनी गुना के होना। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से उक्त दोंनो ही प्रकरणों में चोरी हुई मोटर सायकिलें बरामद कर ली गई हैं तथा उनसे अन्य वारदातों के संबंध में अभी आगे और पूछताछ जारी है ।

### सैंकड़ों लोगों ने लगाई अर्जी, कईयों को समाधान भी मिला, अनेक कतार में

## बागेश्वरधाम की तर्ज पर गाडरवाडा में भी सज रहा दिव्य दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर से तकरीबन 25 किलोमीटर दूर राघौगढ़ तहसील के ग्राम गाडरवाडा में भक्ति आस्था और विश्वास का सैलाब उमड़ रहा है। मंगलवार को धाम के पीठाधीश्वर पंडित दीपक पारीक महाराज ने अपना दिव्य दरबार लगाया। दरबार में लोगों की समास्याओं को सुनते हुए महाराजश्री ने कहा कि जिस व्यक्ति पर राम की कृपा हो जाती है वह धन्य हो जाता है। राम नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति के सभी संकटों का नाश हो जाता है। संसार में जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है। यही सोचकर जीवन जीना चाहिए। जितना मिला है उसमें ही संतुष्ट होना आवश्यक है। जीवन में हमें हमेशा दुख में एक-दूसरे की मदद जरूर करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि इस धरती पर जब ब्राह्मण धेनु और संत दुखी होते हैं तब-तब भगवान का अवतार होता है। धारती पर जब पाप और अत्याचार बडे और गौमाता दुखी हुई तो राम और कृष्ण को अवतार लेना पड़ा। आज फिर गौमाता बहुत ज्यादा मात्रा में दुखी है और सड़कों पर घूमती नजर आती है जहां काल के गाल का ग्रास वन रही है । मनुष्य कुत्ता तो पाल लेता है मगर गौमाता पाली नही जा रही है । कुत्ता पालो घर के बाहर तो गौमाता को भी घर के आंगन में स्थान दो। जहां जितनी हो सके गौ सेवा अवश्य करना चाहिए।





### निसंतान दम्पतियों की सबसे बड़ी आस

दिव्य दरबार में धाम के पीठाधीश्वर पंडित दीपक पारीक के पास लोगों ने अपनी समस्याओं का समाधान पाने के लिए अर्जियां लगाईं। इस दरबार में पंडित दीपक पारीक जी ने सभी धर्मों और जातियों के लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। ग्राम गाडरवाडा में प्रति शनिवार और मंगलवार को दरबार लगाया जाता है। जहां सैकड़ों भक्त प्रदेश ही नही दूर दराज के राज्यों से अपनी समस्याओं के समाधान लेकर आते है । धाम पर अधिकतर निसंतान लोगों का ज्यादा आना होता है जहां से उन्हें वंशवृद्धि के आशीर्वाद के साथ मनोकामनाएं पूर्ण होती है। नेशनल हाईवे से गाडरवाडा धाम पहुंच मार्ग ढेड किलोमीटर कच्चा होने से भक्तों को पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पडता है। स्थानीय लोगों ने राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह से पहुंच मार्ग का निर्माण कराने की मांग की हुई है ।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### आरोन में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन आज

**क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा विजेता टीमों को दिया जाएगा पुरस्कार**

**आरोन।** नगर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवा आदर्श एकता मंच के तत्वदान में नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी गणेश राम सिंह रघुवंशी की स्मृति में. राज्य स्तरीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नगर की सनातन धर्मशाला परिसर में आयोजित किया जा रहा है जिसका समापन 19 नवंबर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह की विशेष उपस्थिति में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। युवा आदर्श एकदम मंच अध्यक्ष शिव यादव ने. बताया कि 19 नवंबर बुधवार को रात्रि 8:00 बजे जिला कांग्रेस कॉमेडी अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह की विशेष उपस्थिति में राज्य स्तरीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51000 की नगद राशि द्वितीय पुरस्कार 25 000 रुपए की नगद राशि एवं तृतीय पुरस्कार 11 000 रुपए की नगद राशि के साथ ट्रॉफी और प्रमाण पत्र मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के द्वारा विजेता टीमों को दिए जाएंगे शहरी एवं ग्रामीण कबड्डी प्रेमियों से समापन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हमारे लाडले नेता युवराज जयवर्धन सिंह के जोरदार स्वागत करने की अपील की है।स्वागत की अपील करने वालों में युवा आदर्श एकता मंच अध्यक्ष शिव यादव समाजसेवी युवा नेता विशाल रघुवंशी विक्की भैया, कमल ग्वाल, सचिन जैन, नीरज साहू, मनोज गिरी, सोनू सिलावट, राजीव रघुवंशी अनेक लोगों ने अपील की है।




### 8वां राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस रामटेकरी तपोवन में मनाया गया

**चांचौड़ा।** 8वां राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र राम टेकरी तपोवन पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रवि मालवीय चाचौड़ा एसडीएम, मनोज झा एसडीओपी, राजेश पुष्पक मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीनागंज उपस्थित रहे। ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ सदस्य गण वी.के. सेन, रमेशचंद सोनी, रमेश अग्रवाल, निरंजन सोनी तथा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के प्राचार्य रावल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सेमिनार में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उद्देश्य एवं महत्व पर डॉ. सुभाष प्रसाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राम टेकरी ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक चिकित्सा, योग तथा संतुलित लाइफस्टाइल के माध्यम से कई बीमारियों से बचाव संभव है। रामटेकरी स्थित प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र मध्य प्रदेश का एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, जहाँ आधुनिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार किया जाता है। देश-विदेश से आए मरीज यहाँ प्राकृतिक वातावरण में स्वस्थ, निरोग एवं संतुलित जीवन की ओर अग्रसर होते हैं।कार्यक्रम में डॉ. सुबोध राय ने मंच संचालन किया। सेमिनार में गुना से आए ओमकार कॉलेज के फार्मेसी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के उत्तर प्राप्त किए। चिकित्सा शिविर में उपचार ले रहे मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यगण द्वारा वृक्षारोपण किया गया। अंत में प्रदीप रघुवंशी ने मुख्य अतिथियों, सभी आमंत्रित अतिथियों, ओमकार कॉलेज के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## व्यावसायिक छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण संपन्न

# छात्राओं को वास्तविक औद्योगिक कार्यप्रणाली से कराया अवगत




हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चाचौड़ा में संचालित कंप्यूटर आईटी एवं ब्यूटी एंड वेलनेस कोर्स के अंतर्गत छात्राओं को वास्तविक औद्योगिक कार्यप्रणाली से अवगत कराने हेतु औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। विद्यालय में ये कोर्स विगत कई वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जिनसे छात्राओं को अतिरिक्त व्यावसायिक डिग्री और सर्टिफिकेट प्राप्त होता है। इस प्रशिक्षण के आधार पर छात्राएं स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं एवं विभिन्न प्रकार की नौकरियों में सफलतापूर्वक अवसर प्राप्त कर सकती हैं।आज दिनांक 17 नवंबर 2025 को विद्यालय की 80 छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (FDDI), हरिपुर – गुना का भ्रमण किया। इस अवसर पर औद्योगिक इकाई में कंप्यूटर, आईटी सिस्टम, मशीनरी संचालन, उत्पादन प्रक्रिया तथा विभिन्न प्रकार की वेबसाइट एवं डिजिटल कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान प्राचार्य मनोज शर्मा एवं मैनेजर महोदय द्वारा छात्राओं को उद्यमिता एवं उद्योग में उपलब्ध रोजगार अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं एफडीडीआई के प्राचार्य डॉ. विनायक चोपड़ा द्वारा औद्योगिक कौशल, प्रशिक्षण एवं रोजगार संभावनाओं के विषय में विशेष जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं को भविष्य के करियर में अत्यंत लाभ होगा।इस भ्रमण में सुनील सेन, गोपाल सिंह यादव, मनीष वर्मा, सुधा शर्मा, साधना चौकसे, नर्मदा श्रीवास्तव, हिंदू ठाकुर, उषा साहू, रामअवतार शर्मा, कुलदीप सिंह यादव, रामजी अहिरवार, आईटी प्रमुख अभिषेक ओझा, ब्यूटी शिक्षक अर्चना राजपूत, अंतिम बाला एवं जितेंद्र सिंह गुर्जर का विशेष सहयोग रहा।भ्रमण के उपरांत सभी छात्र-छात्राओं ने हनुमान टेकारी महाराज जी सरकार के दर्शन किए, हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं प्रसादी ग्रहण की।औद्योगिक भ्रमण से छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं प्रफुल्लित दिखाई दीं। इस अनुभव से उन्हें उद्योग, व्यवसाय और रोजगार से जुड़ी वास्तविक जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण साबित होगी। यह भ्रमण निश्चित ही छात्राओं में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और व्यावसायिक कौशल को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज से ससंघ राघौगढ़ पधारने का किया आग्रह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन समाज के ज्येष्ठ,श्रेष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज से ससंघ धर्मनगरी राघौगढ़ पधारने का आग्रह जैन समाज के अध्यक्ष अशोक भारिल्य के नेतृत्व में गुना में मुनि संघ के भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह में किया। जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन ने गुना में पिच्छिका परिवर्तन समारोह के मंच पर जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी के साथ मुनि योग सागर जी महाराज से आग्रह किया कि जब गुना नगर से आपका विहार हो तो आपके ससंघ पावन सानिध्य का धर्म लाभ राघौगढ़ वासियों को भी मिले। इस पर अवसर पर यह भी उल्लेख किया कि धर्म नगरी राघौगढ़ को परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के लघु युवा शिष्य पूज्य मुनि निर्लेप सागर जी महाराज की जन्मस्थली होने का गौरव प्राप्त है। साथ ही यह भी जानकारी दी की गत दोनों जैन समाज ट्रस्ट कमेटी का शिष्ट मंडल बरगी जबलपुर में विराजमान आचार्य समय सागर जी महाराज से आशीर्वाद लेने उपस्थित हुआ था। इस अवसर पर आचार्य जी से अनुरोध किया था कि गुना नगर में विराजमान निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ एवं आरोन नगर में विराजमान क्रांतिकारी संत मनि दुर्लभ सागर जी महाराज ससंघ के चरण राघौगढ़ नगरी में पड़ें यह आशीर्वाद हमें प्रदान कीजिये ।गुना में पिच्छिका परिवर्तन समारोह में जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अशोक भारिल्य के साथ मार्गदर्शक मंडल के सदस्य विजय कुमार जैन, राजेंद्र कुमार जैन, संतोष कुमार जैन बलियत, सह कोषाध्यक्ष निखिल राजा चौधरी, दिनेश कुमार रावत, प्रमोद कुमार जैन सेवा निवृत्त मंडी सचिव, संजीव कुमार रावत पप्पू , अभिषेक चौधरी आदि उपस्थित थे।

## जन्मजात विकृति पर बड़ी जीत, मास्टर रोहित का ऑपरेशन सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में गुना जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों की जन्मजात विकृतियों की पहचान एवं उपचार हेतु निरंतर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पिपरौदखुर्द (आरोन) निवासी लखन केवट के 2 वर्षीय पुत्र मास्टर रोहित का जन्मजात क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट तालू (कटे होंठ एवं कटे तालू) का सफल ऑपरेशन कराया गया। जन्म से होंठ व तालू पूर्ण रूप से विकसित न होने के कारण बच्चे को दूध पीने और बोलने में कठिनाई होती थी। आरबीएस टीम A आरोन के डॉ.




रवि कुमार सोनी द्वारा बच्चे की स्क्रीनिंग कर उसे जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र गुना रेफर किया गया। विनीता सोनी द्वारा उपचार संबंधी समस्त प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई। तत्पश्चात बच्चे का ऑपरेशन लाहोटी हॉस्पिटल, भोपाल में विशेषज्ञ सर्जनों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया में डॉ. के.एन. भीलवारे बीएमओ आरोन, भूपेंद्र श्रीवास्तव बीपीएम आरोन, पल्लवी शर्मा बीसीएम आरोन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में मनाई महानायक बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ एनएफएल

जिला मुख्यालय गुना के डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन में महानायक बिरसा मुंडा जी की 150वी जयंती समारोह राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि एन.एफ.एल विजयपुर से सेवानिवृत्त असिस्टेंट इंजीनियर मुन्नालाल अहिरवार, विशेष अतिथि कोमल बौद्ध,प्रकाश सिंह धाकड़, बसंत खरे,रमेश अहिरवार, मानकचंद बुद्ध द्वारा महानायक बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं विशेष वंदना की गई।

इसके पश्चात सभी साथियों ने पुष्प अर्पित किए। सभी वक्ताओं में बसंत खरे,रमेश अहिरवार,प्रकाश सिंह धाकड़ ने शहीद विरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया । राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के कोऑर्डिनेटर डी पी गोलिया ने कहा कि 15 नवंबर 1875 में जन्में क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का सपना था वह चाहते थे कि जल,जंगल और जमीन पर आदिवासियों का हक हो,वह एक ऐसा राज चाहते थे जहां कोई बाहरी शोषक न हो और एक स्वतंत्र मुंडा राज हो.कार्यक्रम के अध्यक्ष कोमल शाक्य ने कहा कि उनके संघर्ष के कारण आदिवासी वर्ग श्रद्धा से याद करता है और भगवान का दर्जा देता हैं ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुन्नालाल अहिरवार ने कहा कि 25 साल की उम्र में अंग्रेजो के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह खड़ा करने वाले योद्धा बने उन्होंने अपने जीवन को आदिवासियों के अधिकार,संस्कृति और पहचान को बचाने में समर्पित कर दिया।



अमरीश कुश्तवार, भिलाला, किस्पोट्टा , राकेश जाटव, जशवंत सिंह बौद्ध,महेश जाटव, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के पूर्व कार्यवाही अध्यक्ष बादल सिंह बौद्ध जिले के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कोमल प्रसाद शाक्य ने की तथा संचालन राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार बौद्ध ने किया। । आभार व्यक्त इंदरसिंह बौद्ध ने प्रेषित किया।

## 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन, लखनऊ के लिए रवाना दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्काउट एवं गाइड की 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला अशोकनगर के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला मुख्यालय अशोकनगर से शर्मिष्ठा जगताप जिला संगठन आयुक्त गाइड के नेतृत्व में आठ स्काउट एवं 6 गाइड्स छात्र-छात्राओं का एक स्काउटमास्टर एवं एक गाइडर शिक्षिका का चयन किया गया है।

इस प्रकार 16 स्काउट गाइड का दल अशोकनगर से ग्वालियर के लिए रवाना हो गए है यह सभी स्काउट गाइड 18 नवंबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तीन दिवस ग्वालियर में गेट टू गेदर के पश्चात ट्रेन द्वारा 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी मुख्यालय लखनऊ के लिए रवाना होंगे यहां पर सभी स्काउट गाइड पायनियरिंग प्रोजेक्ट, एडवेंचर साहसिक गतिविधियां ,मार्च पास्ट ,लोक नृत्य, प्रदर्शनी ,सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सम्मिलित होंगे इस राष्ट्रीय जंबूरी में पूरे देश से 35000 छात्र-छात्राएं स्काउट गाइड के रूप में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त दया सिंह संधू, अध्यक्ष मनोज जैन, स्काउटर, गाइडर, शिक्षक, शिक्षिकाओ उपस्थिति की में सभी सम्मिलित होने वाले सभी स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं बधाइयां दी गई।




### नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर सी.एम.राईज स्कूल अशोकनगर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें लगभग 500 छात्र/छात्राओं ने नशा न करने की शपथ ली एवं विभागीय मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्था जयश्री प्रेम सागर एवं निर्धन बाल कल्याण समिति अशोकनगर द्वारा नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत नशामुक्ति रैली, चित्रकला, रंगोली, दीवाल लेखन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों विभागीय अधिकारी एवं स्कूल प्रार्चाय एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## ग्वालियर से आ रही एफएसएल टीम करेगी जांच

# आदिवासी महिला की संदिग्ध मौत, पति जेल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चन्देरी नगर के बायपास स्थित ताम्रपुरा विद्युत सब-स्टेशन के पीछे की झोपड़ पट्टी में मंगलवार की सुबह एक 32 वर्षीय आदिवासी महिला का शव खटिया पर मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसके चलते पुलिस ने तुरंत ग्वालियर से एफएसएल की टीम बुलाई है।

मृतिका ममता आदिवासी के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और उसका पति पिछले कई महीनों से किसी आपराधिक मामले में जेल में बंद है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि उनके घर पर एक व्यक्ति अक्सर आता जाता रहता था। सुबह जब पड़ोसी महिला के घर गए तो वह खटिया पर मरी पड़ी थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चंदेरी थाना प्रभारी मनीष जादौन मौके पर पहुंचे और शव को देखते ही मामला संदिग्ध लगा। प्रथम दृष्टया गले पर निशान और शरीर पर चोट के कुछ संकेत दिख रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत की परिस्थितियां पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं, इसलिए पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए एफएसएल टीम बुलाई गई है। टीम के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और फॉरेंसिक सैंपल लिए जाएंगे।



### अमानक आयुर्वेद औषधियों के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध

**अशोकनगर।** जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेन्द्र रघुवंशी द्वारा बताया गया कि दवाओं को शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला ग्वालियर को प्रेषित किए गए थे। जिन औषधि नमूनों को परीक्षण परिणाम हेतु भेजे गए थे जिनमें से ड्रग्स एंड कॉस्मेटिकस एक्ट 1940 नियम 1945 की धारा 33 ईई के तहत अमानक पाए गए है। जो अमानक पाए गए हैं उनमें औषधि गिलोय सत्व, काम दुधारस ,कफ कुठार रस ,लक्ष्मी विलास रस, प्रबाल पिष्टी तथा मुक्ता शुक्ति उक्त कंपनी के बैज नंबर की औषधियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। उक्त दवाओं के क्रय विक्रय किए जाने पर नियम अनुसार संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग के अपहरण के 72 घंटों के अंदर अपहर्ता दस्तयाब आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पिछले दिनों थाना कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बोहरे कॉलोनी अशोकनगर से एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका का अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाया गया है। जिसकी गंभीरता को देखते हुए एसपी राजीव कुमार गुप्ता द्वारा टीम गठित करने के लिए निर्देशित किया गया था। पुलिस ने 72 धंटो में आरोपी को गिरफ्तार किया है और अपर्हता को दस्तयाब किया है। पुलिस टीम द्वारा जयपुर पहुँचकर आरोपी की तलाश की गई, किन्तु प्रारंभिक स्तर पर कोई ठोस सुराग प्राप्त नहीं हुआ। तत्पश्चात सायबर सेल के सउनि. संजय गुप्ता, सउनि. अभिजीत एवं आर. प्रशांत भदौरिया की तकनीकी सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए। इन साक्ष्यों एवं स्थानीय लोगों से हुलिये के आधार पर पूछताछ करते हुए ज्ञात हुआ कि एक संदिग्ध व्यक्ति किसी लड़की को साथ लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम जब बताए गए स्थान पर पहुँची तो आरोपी पुलिस की गतिविधि को भाँपकर वहाँ से नाबालिग को लेकर निकल गया। टीम द्वारा लगातार प्रयास जारी रखते हुए अंततः सिंधी बस स्टैंड, जयपुर पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने नाबालिग को अपने साथ लाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उन्हे सकुशल अपने साथ ले आई और आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

# जनसुनवाई में 272 आवेदक समस्याएं लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम को लेकर शहर और ग्रामीण अंचलों से 272 आवेदक अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर पहुंचे जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम बिजौरी निवासी रघुवीर सिंह आदिवासी द्वारा पट्टे की भूमि का अमल कराए जाने,परासरी निवासी ओमकार सिंह द्वारा केवट मौहल्ला माता मंदिर के लिए रास्ता बनवाए जाने,ग्राम गूगोर माफी निवासी कलमा अहिरवार द्वारा फौती नामांतरण सही से कराए जाने,ग्राम खिरिया देवत निवासी मुन्नीबाई परिहार द्वारा भूमि का सही बटांकन कराए जाने,ग्राम परासरी निवासी ओमकार सिंह द्वारा पोषण आहार की राशि दिलाए जाने,वार्ड नंबर 8 अशोकनगर निवासी धनबाई अहिरवार द्वारा प्लॉट को ऑनलाइन अभिलेख में दर्ज कराए जाने,ग्राम अचलगढ़ निवासी शिवराज सिंह द्वारा सीमांकन उपरांत कब्जा दिलाए जाने,ग्राम खजूरिया कला निवासी देशराज सिंह राजपूत द्वारा शासकीय भूमि पर रास्ता दिलाए जाने,बरखेड़ी निवासी अरविंद जाटव द्वारा पट्टे की भूमि दिलाए जाने,ग्राम इदौर निवासी मनीराम चिडार द्वारा पशुपालन के लिए लॉन दिलाए जाने,ग्राम परवई निवासी अंशु द्वारा आधार कार्ड में जन्म दिनांक सुधरवाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### ट्रेक्टर बाईक की टक्कर में 4 लोग घायल

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम मढ़ी कानूनगो निवासी एक परिवार शाढ़ौरा बाजार से सामान लेकर अपने गांव वापिस जाते समय ट्रेक्टर की चपेट में आ गया जिसमें बाबूलाल पुत्र कल्लू कौली, रीना पत्नी बाबूलाल कौली, आकाश पुत्र बाबूलाल, देवराज पुत्र बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के बाद यह सभी घायल एक प्राईवेट नर्सिंग होम में उपचार के लिए ले जाए गए हैं जहां पर उनका इलाज जारी है।

# हार्टफुलनेस का सत्र महाविद्यालय में आयोजित किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मंगलवार को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सप्ताह में एक दिन आयोजित हार्टफुलनेस का सत्र हार्टफूलनेस के सदस्य विवेक ओझा व कॉलेज समिति गायत्री नामदेव द्वारा आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत विकास में खुद का स्वयं मूल्यांकन और व्यवहार की प्रति संवेदनशीलता, प्रेम, शांति और सदाचार का अनुभव मानव जीवन के उन से है जिनके बगैर इस संसार का संचालन संभव नहीं है इस पूरे सत्र में 25 विद्यार्थी व इतिहास विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ रीना बासुनिया व अरविंद कौशिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 15 जनवरी तक किसान ले सकेंगे भावांतर योजना का लाभ

**अशोकनगर।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अमित भदौरिया ने कृषक भाईयों से अपील की है कि कृषकगण सोयाबीन भावांतर योजना में पंजीकृत कृषक अपनी सोयाबीन फसल का विक्रय अधिसूचित मण्डियों में कर भावांतर योजना का लाभ उठायें। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रूपये प्रति क्विंटल है। सोयाबीन विक्रय अवधि 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। किसान पहले जैसे ही मण्डियों में सोयाबीन की उपज का विक्रय करेंगे एम.एस.पी. से कम कीमत मिलने पर योजना के तहत अंतर की राशि कृषकों को आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान की जायेगी। जिले में भावांतर योजनान्तर्गत 5188 पंजीकृत एवं सत्यापित कृषक हैं।

### पराली जलाने पर पांच व्यक्तियों पर अर्थदंड

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग चंदेरी मनीष धनगर द्वारा तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर 5 व्यक्तियों पर पराली जलाने के कारण 2500 रुपए के मान से 12500 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार चन्देरी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम महोली स्थित भूमि सर्वे कमांक 16/2 रकवा 0.209 हे. जितेन्द्र कुमार पुत्र रघुवीर सिंह जाति यादव, सर्वे क्रमांक 18/7 रकवा 0.209 है. पर कृष्ण कुमार पुत्र कुलदीप सिंह जाति पुन्डीर एवं सर्वे क्रमांक 17/1/1 रकवा 0.209 हे. मनजीत गौर पत्नि सहदेव सिख एवं ग्राम पिपरोद स्थित सर्वे क्रमांक 59/2 रकवा 0.209 हे. पर प्रमोद पुत्र भज्जू पाल तथा ग्राम छपरा स्थित भूमि सर्वे कमांक 372/1/2 रकवा 0.209 हेक्टेयर में पराली जलाये जाने के कारण प्रत्येक व्यक्ति के मान से 2500 रूपये जुर्माने लगाया गया है।

#### जांच करने पहुंचे अधिकारी, 28 की लीज निरस्त, औद्योगिक क्षेत्र में नहीं हुआ विकास

# औद्योगिक क्षेत्र गहरी खाईयों में तब्दील माफिया करोड़ों की मुरम खोद ले गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर ग्राम पलकाटोरी में औद्योगिक क्षेत्र घोषित होने के बाद भी यहां का जिला प्रशासन औद्योगिक क्षेत्र में मुरम की खुदाई होने पर रोक नहीं लगा सका। दिन में खुदाई बंद रही रातभर खनन माफिया खुदाई करते रहे। अब तक करोड़ो की मुरम खनन माफिया ले गए। औद्योगिक क्षेत्र खाईयों में तब्दील, उधोग लगाने के लिए लोग आगे आए तब तक उद्योग विभाग ने 28 उद्यमियों की लीज निरस्त की।

### धन, बाहुबल और राजनैतिक सरंक्षण में की गई भूमि की खुदाई

जिला मुख्यालय से लगे स्थान पर खनिज संपदा की खुदाई होना और बेरोक टोक होना बिल्कुल वैसा ही हुआ जैसे हस्तनापुर में धृतराष्ट्र आंखों पर पटटी बांधकर शासन करते रहे ऐसा ही सबकुछ यहां पर चलता रहा। समय समय पर मीडिया ने इसे सुर्खीयों का हिस्सा भी बनाया लेकिन धन, बाहुबल, और राजनैतिक दादागिरी ने इस पूरे इलाके को खोखिला कर दिया। पिछले 20 साल से जिला मुख्यालय पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की तैयारी है लेकिन औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं हो पाया उद्योग लगाने वालों ने विभाग द्वारा भूखण्डों के लिए शर्तें रखीं जिनका पालन भी उनके द्वारा किया गया लेकिन जमीन की रखवाली उद्योग विभाग के साथ साथ राजस्व विभाग और खनिज विभाग को करना था वह उसकी रखवाली नहीं कर पाए। जिसके कारण दो कारण सामने आए पहला कारण यह है कि जब खाईयां बन गई तब उद्योग कैसे लगाएं और उद्योग विभाग कहता रहा कि यदि उद्योग नहीं लगाया तो उनकी लीज निरस्त कर देगें।



### उद्यमियों ने 1 अक्टूबर को भूमिपूजन किया, विभाग ने 31 को लीज निरस्त की

उद्यमियों ने 01 अक्टूबर को सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल के प्रयासों से जो भूखण्ड उन्हें दिए गए थे उन पर भूमि पूजन की शुरूआत की लेकिन 31 अक्टूबर को उद्योग विभाग ने 28 उद्यमियों की लीज निरस्त कर दी। इस पूरे मामले की कहानी यह है कि इस पलकाटोरी क्षेत्र में 70 भूखण्ड ऐसे हैं जो पूरी तरह गहरी खाईयों में तब्दील हो गए हैं। कुल 123 आंवटित भूखण्डों में से 28 की लीज निरस्त हो गई है और 23 भूखण्ड पर अतिक्रमण है। इस पूरे मामले को लेकर जब उद्यमियों ने जिला कलेक्टर आदित्य सिंह का ध्यान आकृषित किया तब उद्यमी और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे जिसमें जिला पंचायत सीइओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और खनिज विभाग के अधिकारी शामिल थे। इसके ग्वालियर से आए विकास डब्लपमेंट अधिकारी अनिल गंगराडे भी शामिल थे।

### 70 प्लाट गहरी खाईयों में तब्दील, कईं पर अतिक्रमण

अनिल गंगराडे ने बताया कि यहां औद्योगिक क्षेत्र में 2017-18 में सड़क का निर्माण किया गया। यहां कई जगह अतिक्रमण है उद्यमियों का कहना है कि यहां पर पानी की निकासी आदि के लिए कोई प्रबंध नही हैं। उधर दूसरी ओर उद्यमियों द्वारा यह मांग की जा रही है कि जिस जगह यह खाईयां बन गई हैं उस जगह भूमि का भराव किया जाए। यदि वहां भूमि का फिलिंग कराया जाता है तो उद्योग विभाग को करोड़ो रूपए खर्च करना होगें यह पैसे कहां से आएगें। उधर दूसरी ओर सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल ने बताया कि उनके प्रयासों से उद्यमियों ने 01 अक्टूबर को उद्योग लगाने के लिए भूमि का पूजन कर लिया था लेकिन उद्योग विभाग का कहना था कि अब तक उद्योग नहीं लगे हैं जिसे लेकर उन्होंने 31 अक्टूबर को 28 लोगों की लीज समाप्त कर दी। यहां 70 प्लाट ऐसे हैं जहां पर खुदाई हो चुकी हैं और गहरी खाईयां बन गई हैं। जो 28 प्लाट निरस्त किए है वह बन सकते हैं शेष 23 स्थान पर अतिक्रम भी है एक जगह पटटे का मामला भी है जिसके कारण यहां पर उद्योग विकसित नहीं हो पा रहे हैं।

यहां अभी तक लाईट और पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसे लेकर डीपी रखवाई गई है। खास बात यह है कि सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के अशोकनगर विजन में यह औद्योगिक क्षेत्र भी शामिल है। उधर दूसरी ओर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा इसी औद्योगिक क्षेत्र को लेकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एक प्रश्न भी लगाया गया है जिसमें उन्होंने पूछा है कि खनन माफियाओं पर क्या कार्यवाही की गई।

#### चांदी का मुकुट बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

## राम जानकी मंदिर मोती मोहल्ला में हुई चोरी का खुलासा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विगत दिनों राम जानकी मंदिर, मोती मोहल्ला पुराना बाजार अशोकनगर में स्थित हनुमान जी की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कोतवाली पुलिस ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सूचना तंत्र को सक्रिय किया। विगत दिवस कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गांधी चैराहा अशोकनगर में दो तीन संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं, जो हालिया चोरियों में शामिल हो सकते हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा पुलिस टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस द्वारा चारों दिशा से घेराबंदी कर उन्हें पकड लिया गया। संदिग्धों से पूछताछ के दौरान व्यक्तियों ने अपना नाम साहिद पुत्र अकरम खान, उम्र 23 वर्ष, निवासी कोलारस जिला शिवपुरी एवं सालिक राम पुत्र देवीलाल सोनी, निवासी मोती मोहल्ला अशोकनगर बताया। दोनों से सख्ती से पूछताछ करने पर सामने आया कि 22.08.2025 को साहिद खान ने राम जानकी मंदिर से हनुमान जी की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट चोरी किया था, जिसे बाद में उसने सालिक राम सोनी को बेच दिया था। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना देहात को मिली सफलता



अशोकनगर। सोमवार की रात्रि में फरियादी द्वारा उसके 13 वर्षीय बालक एवं पड़ोसी के 13 वर्षीय बालक के अपहृत होने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों नाबालिग बालकों को 12 घण्टे के अंदर वायपास पुल अशोकनगर के नीचे से दस्तयाब किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, सउनि. दीवान सिंह, प्रआर. सूरज हर्षाना, प्र.आर. नीरज रघुवंशी व प्र.आर. भूपेन्द्र ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## मुनि श्री के सानिध्य में श्री सुधा सागर प्रिमीयर लीग का हुआ उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में पहली बार किसी साधु के सानिध्य में क्रिकेट की स्पर्धा का आयोजन देखने को मिल रहा है। खेल भी हमारे जीवन के अंग हैं और खेलों में भी हमारा भविष्य है। इसे हम कैरियर के रूप में भी अपनाए इसी तरह के उददेश्य को लेकर यहां पूज्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में श्री सुधा सागर प्रिमीयर लीग का शुभांरभ किया गया है जिसमें 16 टीमें भाग ले रही हैं। जहां इस लीग के पहले सुधामय सभा मंडप में भव्य सं सांस्कृतिक कार्यक्रम की विभिन्न प्रस्तुतियां सर्वोदय विद्यासागर पाठशाला अशोकनगर व आचार्य श्री विद्यासागर शान्ति नगर की बेटियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन के साथ सभी क्षेत्रों के प्रमुख जनो दारा सम्मान किया गया।

**अपने अंदर जूनून पैदा करो जिससे सफलता आपके कदमों में होगी** इस अवसर पर स्पर्धा से पहले धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव राष्ट्रसंत श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि तुम तीर्थ के दुख से दुखी हो जाओ तो कुछ ज्यादा बढ़ी बात नहीं है होता रहता है यदि तीर्थ तुम्हारे दुःख से दुःखी हो गया तो तुम्हारा संकट दूर होगा ही । यह तीर्थ क्षेत्र ऐसी ऊर्जा के केन्द्र है आप जितनी इच्छा करेंगे ये आपको देते रहेंगे। इसके लिए आपको अपने अंदर जूनून पैदा करना होगा जिस चीज में जूनुन हो जायें तो बूढा भी जवान हो जाता है। मैं विश्वास दिला सकता हूं कि जूनून बाले व्यक्ति को सफलता मिलती ही है

**किसी भी तीर्थ पर संकट आयें तो सब साथ दे** उन्होंने कहा कि जब तुम्हारे मन में भाव आयें किसी तीर्थ क्षेत्र पर संकट आया तो आप कहेंगे वह के लोग निपट लेंगे ऐसे में सब तीर्थ खत्म हो जायेगा। जिस तरह आपके दोस्त पर संकट आया तो थोड़ा फिलिंग हुए तो आप कुछ कर सकते हैं फोन करेंगे यदि रिश्ते दारी में किसी पर संकट आ गया तो ननिहाल में संकट आ गया तो तो उसे दूर करने का प्रयास करते हैं। यदि कुटुम्ब पर संकट आ गया तो तो ऐसा लगता है कि कैसे भी पहुंच जायें यदि घर पर कार्यक्रम आ जाए तो ऐसी मेहनत करोगे मैं खुद अपना ही कार्य कर रहा हूं। रिलेशनशिप में संकट आ जाए तो रोटी भी मुश्किल से आप खाते हैं। आप का धर्म से तीर्थ क्षेत्र से गुरु से कौन-सा संबंध है आपको टिक मार्क करना है आपको मंथन करना है। यदि किसी तीर्थ क्षेत्र पर मेला होता है तो पहले सब जाते थे आज ये परम्परा समाप्त हो रही है इसको जीवित करना चाहिए इससे आपस मे भाई चारा बढ़ेगा।



## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड आयोजित

**अशोकनगर।** मंगलवार को प्रातः पुलिस लाइन अशोकनगर स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर द्वारा परेड की सलामी लेकर किया गया। सलामी उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर ने प्लाटून-वार परेड निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न आउट, परेड मुद्रा, वर्दी की स्वच्छता, परेड की शुद्धता एवं अनुशासन का गहन मूल्यांकन किया। परेड में उत्कृष्ट टर्न आउट प्रदर्शित करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरूष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, कमी वालों को सुधार करने की समझाइश दी गई। वहीं जिन कर्मचारियों के टर्न आउट में कमी पाई गई,आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

इसके बाद सभी प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल स्वरूप में परेड अभ्यास कराया गया, जिसमें सलामी की मुद्रा, दाएँ-बाएँ देख, पथ क्रम एवं संयुक्त संचालन जैसी महत्वपूर्ण परेड प्रक्रियाओं का विस्तृत अभ्यास कराया गया। आज की परेड की विशेषता यह रही कि नियमित परेड अभ्यास के साथ-साथ पुलिस बल को फील्ड ड्यूटी में आवश्यक कौशल को ध्यान में रखते हुए वीआईपी ड्यूटी तथा कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली रस्सा पार्टी की तकनीकों का भी विशेष अभ्यास कराया गया। रस्सा पार्टी अभ्यास के दौरान बल को भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील परिस्थितियों में सुरक्षित मूवमेंट, असामाजिक तत्वों की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही संबंधी विधियों पर प्रशिक्षित किया गया, जिससे बल की व्यावहारिक क्षमता और अधिक सशक्त हो सके। परेड का संचालन सूबेदार अजीत सिंह द्वारा दक्षतापूर्वक किया।

#### अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया

## विधायक ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से की मुलाकात, जाने हाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय विधायक इंजी हरिबाबू राय ने जिला अस्पताल का भ्रमण किया। जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर को जल्द अवगत कराया जाएगा। इंजी. हरिबाबू राय अशोकनगर जिला अस्पताल में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं, संसाधनों की कमी और आमजन को हो रही गंभीर परेशानियों को लेकर नाराजगी जताई है।

जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर के चालू नहीं होने से घायलों को नहीं मिल रही हैं सुविधाएं


जिला अस्पताल अशोकनगर में 4 करोड़ रूपए की लागत से सांसद सिंधिया द्वारा ट्रामा सेंटर भवन का निर्माण कराया गया था इस भवन को दो दो बार उदघाटन भी हुआ लेकिन आज तक यह भवन चालू नहीं हुआ है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को इस ट्रामा सेंटर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान विधायक ने कहा कि जिला अस्पताल में सबसे अधिक एक्सीडेंटल केस आते हैं। इसके लिए प्रदेश भर के शासकीय जिला चिकित्सालयों में सरकार द्वारा ट्रामा सेंटर बनाए गए थे। प्रदेश का एकलौता अशोकनगर का ट्रामा सेंटर जिसका उदघाटन दो दो नेताओं ने किया लेकिन उसके बाबजूद भी जिस सुविधा के लिए बनाया गया था ट्रामा सेंटर संबंधित कोई भी सुविधा मरीजों को नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर का भवन बनने के बाद और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए फण्ड और उपकरण भी प्राप्त हुए उसके बाद भी जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर चालू नहीं हो सका। यह भी जिला अस्पताल का दुर्घभाग्य है कि क्षय रोगी टीवी के मरीज उपचार कराते हैं यह छुआछूत की बीमारी है जिससे अन्य रोगियों को भी इससे खतरा रहता है। जिला चिकित्सालय में इन रोगियों के उपचार के लिए अलग से वार्ड नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले की अस्पताल में रोगी आए दिन शिकायत करते हैं कि यहां पर उन्हें जो डॉक्टरों द्वारा दवाईयां लिखी जाती हैं उनमें से कई दवाईयां रोगियों को नहीं मिलती है उन्हें बाजार से उक्त दवाईयां खरीदनी पड़ती है। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिले के कलेक्टर से मांग करता हूं कि ट्रामा सेंटर को चालू करना अति आवश्यक है।

### जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर को होगा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड म.प्र. भोपाल के तत्वाधान में अशोकनगर जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज 2025 का आयोजन 25 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार अशोकनगर में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल अशोकनगर ने बताया कि क्विज में भाग लेने के लिए अशोकनगर जिले के विभिन्न स्कूली के कक्षा 9वीं से 12वीं के योग्य छात्राओं की एक स्कूल से एक जैव विविधता टीम स्कूलों के प्राचार्य द्वारा गठित की जायेगी। यह टीम जिला स्तर पर आयोजित जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज 2025 में भाग लेगी। जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज 2025 में प्रथम चरण में जिला स्तर पर लिखित क्विज परीक्षा होगी। जीतने वाले छात्रों की टीम को जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए आपने। जिला स्तर पर चयनित टीम राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज 2025 के आयोजन 12 दिसम्बर 2025 में भाग लेगी।

#### दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

## बुनकर के मकान में भीषण आग से लाखों का नुकसान, गृहस्थी का सामान भी जला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चन्देरी नगर के वार्ड क्रमांक 16 आदिवासी मोहल्ला में एक चंदेरी साड़ी के व्यापारी भागीरथ उर्फ डग्गी कोली के घर में अचानक आग लग गई। सुबह-सुबह अचानक हुई घटना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। लेकिन तब तक व्यापारी का लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। आग लगने का कारणों का पता लगाया जा रहा है।

घटना उस समय हुई जब घर में कोई भी मौजूद नहीं था। पूरा परिवार ग्वालियर में किसी रिश्तेदार के मांगलिक कार्यक्रम में गया हुआ था। सुबह करीब 10 बजे अचानक घर से धुआं निकलता दिखा। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगीं। आसपास मौजूद लोगों और पड़ोसियों ने यह नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में लोगों शोर मचाया और खुद से आग बुझाने के जतन शुरू किए। घर का दरवाजा तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की। पास के ट्यूबवेल और बाल्टियों से जैसे-तैसे आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन ज्यादा कामयाबी नहीं मिल सकी। इसके बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर के अंदर रखी दर्जनों कीमती चंदेरी साड़यिां, रंगाई-पुताई का सामान, कपड़े, बिस्तर, फर्नीचर और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। आग इतनी भयानक थी कि घर की दीवारें तक चटक गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। खबर लिखे जाने तक सटीक आंकड़ा स्पष्ट नहीं हो सका था, क्योंकि मकान मालिक तब तक घर नहीं लौटे थे।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमूसर निवासी शाहकुंवर बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोशन,मलखान, माखन और करतार यादव ने घर में घुसकर उसके लड़के से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगदा बलदेवपुर निवासी जसपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र, कृपाण और राजपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से महेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जसपाल, जहारसिंह, जीवन सिंह, और जीतू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## 3 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अशोकनगर की डॉ. योग्यता भार्गव को सम्मानित किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा ओंकारेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी दिनांक 15 से 17 नबम्बर का समापन सोमवार को हुआ। जिसमें अशोकनगर की डॉ योग्यता भार्गव दुबे ने सहभागिता की और अपने शोध पत्र पारधी जनजाति की। गणरा-गणरी परम्परा का वाचन किया और प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान प्राप्त किया।

डॉ. भार्गव दुबे पिछले कई वर्षों से पारधी जनजाति की जीवन संस्कृति और उनकी परंपराओं पर कार्य कर रही हैं। इस संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र में प्रो कुलदीपचंद्र अग्निहोत्री, रामप्रसाद और आशुतोष भटनागर के करकमलों से हुआ। इन तीन दिनों में नौ तकनीक सत्र में ना केवल शोधपत्रों का वाचन हुआ बल्कि वंशावली विरूदावली संधारणों द्वारा वाचन प्रस्तुति भी की गयी। शोधपत्रों में सूर्य चंद्र की वंशावली, रामायण और महाभारत में वर्णित वंशावली, भील भिलाला गोंड आदि जनजातियों की वंशावली, राजाबली परम्परा, आल्हाखंड और बरोट विरूदावली पर चर्चा हुई।

यहाँ वंशावली संधारकों यथा भाट, चारण डक्कलवार, सूत, राव और हेलवी पर चर्चा की गयी। उनकी वेशभूषा पोथी लेखन कागज, कलम स्याही, बाइंडिंग और संरक्षण के तरीको पर विस्तृत चर्चा हुई।

शोधपत्रों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ कि केवल सवर्णों की ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत में प्रत्येक वर्ण एवं जाति में वंशावली लेखन की परम्परा है उनके अपने पंडे, राव, भाट या अन्य कोई अन्य वंशावली संधारक होते हैं। महिलाओं का नाम ना केवल वंशावलियों में होता है बल्कि महिलाएं भी वंशावली वाचन का कार्य करती हैं। प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार, विचारक आशुतोष भटनागर एवं निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे की उपस्थिति में देशभर के 54 से अधिक विद्वानों ने सहभागिता की।


आरोप - प्रशासन लगातार कर रहा प्रोटोकॉल की अवहेलना


# आमंत्रण-पत्र में नहीं था नाम, जिपं अध्यक्ष ने 181 पर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

प्रशासनिक कार्यक्रमों में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया की लगातार अवहेलना की जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम जिले के विभिन्न प्रशासनिक कार्यक्रमों जैसे भूमिपूजन, शिलान्यास इत्यादि के लिए छपवाए गए आमंत्रण-पत्रों पर उनका नाम अंकित होना चाहिए लेकिन अधिकतर मामलों में ऐसा नहीं किया जा रहा है।

17 नवंबर को जनपद ब्यावरा में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) द्वारा जो आमंत्रण पत्र छपवाए गए उनमें मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर के नाम तो प्रकाशित करवाए गए लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम का कोई उल्लेख नहीं किया गया। प्रशासनिक कार्यक्रमों में अपनी लगातार अनदेखी से आहत जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया


भूमि पूजन / शुभारम्भ
!! आमंत्रण पत्र !!
मान्यवर श्रीमान्/श्रीमती
मुख्य अतिथि –
मा.श्री नारायणसिंह जी पंवार
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र.शासन भोपाल
अध्यक्षता –
मा.श्रीमति राधा जगदीश जी गुर्जर
अध्यक्ष, जनपद पंचायत ब्यावरा
के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन / शुभारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।
दिनांक 17 नवम्बर 2025, दिन सोमवार
समय : दोपहर 1 बजे
स्थान : नवीन न्यायालय भवन परिसर के पास, मोहनीपुरा ब्यावरा
निवेदक : कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजगढ़



| | |
|---|---|
| शिकायत क्रमांक : | 35390197 दिनांक - 17-11-2025 |
| विभाग का नाम : | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| उप-विभाग का नाम : | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ( आर. ई. एस.) |
| शिकायत कर्ता का नाम : | दल्ल्ट चन्द्र सिंह |
| पता : | ग्राम पंचायत-अगरिया , ब्लॉक-ब्यावरा , जिला-राजगढ़ |
| फ़ोन नंबर : | XXXXXXX101, XXXXXXX101 |
| जिला : | राजगढ़ |
| क्षेत्र : | क्षेत्र/ब्लॉक : ब्यावरा |

| | |
|---|---|
| शिकायत का प्रारूप : | किये गए कार्य का भुगतान / परिवहन व्यय प्राप्त न होने संबंधी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवाये) |
| शिकायत का विवरण : | शिकायतकर्ता चंदर सिंह सोंधिया जी द्वारा बताया गया कि जनपद के कार्यालय ब्यावरा में जो भवन के लिए भूमि पूजन के लिए आर ई एस विभाग द्वारा जो कार्ड छापे गये थे उसमे जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम नही लिखा गया है इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष के पोरटोक्ल का उल्लघन किया गया है जबकि जनपद अध्यक्ष का नाम लिखा गया है निवेदन है जाँच कर कार्यवाही की जाए कृपया समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए \|जिला राजगढ़ |
| शिकायत की स्थिति : | शिकायत निराकरण अधिकारी (एल1) से संपर्क कर शिकायत दे दी गयी है ,प्रगति विवरण अपेक्षित है |

प्रिंट करें

ने इस बात की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181) पर करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### शिकायत में यह किया गया उल्लेख

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-181 पर की गई शिकायत में उल्लेख है कि आरईएस द्वारा प्रकाशित करवाए गए कार्ड में जिपं अध्यक्ष का नाम नहीं लिखा गया है जो सीधे-सीधे प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, जबकि जनपद अध्यक्ष का नाम कार्ड में छपवाया गया है। ऐसे में पूरे मामले की जांच करवाकर समस्या का निराकरण करवाने की मांग चंदर सौंधिया ने मुख्यमंत्री से की है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व में भी हुए कुछ प्रशासनिक कार्यक्रमों में जिपं अध्यक्ष की अनदेखी सामने आ चुकी है। नवीन जिला चिकित्सालय के लोकार्पण के समय भी इसी तरह का मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हुआ था उलटा

उक्त मामले के ठीक उलट पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यावरा में किसानों को मुआवजा राशि वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों हेतु आए थे, उस आयोजन के लिए छपवाए गए कार्ड में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया का नाम प्रकाशित किया था। लेकिन, बाकायदा आमंत्रित करने के बाद ब्यावरा पुलिस ने सीएम के कार्यक्रम की अवधि तक उन्हें नजर बंद कर दिया था।

### इनका कहना है...

ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब प्रशासनिक कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा मुझे प्राप्त अधिकारों के संबंध में निर्धारित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है। पीआईयू, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के कार्यक्रमों में भी इस तरह की लापरवाहियां देखने मिल चुकी हैं।

**चंदर सिंह सौंधिया**
अध्यक्ष, जिला पंचायत, राजगढ़

---

किसानों के खेत व कॉलोनियों में जाने का रास्ता हुआ बंद

# शासकीय आम रास्ते पर दबंगों ने किया कब्जा!

### अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 2021 में दिया है यथास्थिति बनाए रखने हेतु स्थगन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सुठालिया रोड गवली धर्मशाला के बाजू से शासकीय आम रास्ते पर रजिस्ट्री कर प्लॉट बनाने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि इस आम रास्ते से लगी हुई 6-7 लोगों की कृषि भूमि पर आने जाने बेलगाड़ी कृषि यंत्रों के आने जाने का रास्ता भी है, जो नाले एवं शासकीय बेबट रास्ता है। पीछे कृषि भूमि पर जाने के अलावा यहां से लगी हुई रहवासी कॉलोनी में आने जाने का यही आम एवं स्थाई रास्ता है। अब प्रश्न उठता है की नाले में शासकीय भूमि पर किसी के प्लॉट की रजिस्ट्री कैसे की जा सकती है।

### इनका कहना है

हमने पटवारी से इसकी बस्तुसिथिती की जानकारी के बारे में रिपोर्ट के बारे में कहा है। जैसे ही जानकारी आ जाएगी उसी के हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद दुबे, एसडीएम ब्यावरा**

---

## मतदाता सूची के सत्यापन के लिए बीएलओ कर रहे घर-घर सर्वे

**खिलचीपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खिलचीपुर नगर में वार्ड एक से पन्द्रह वार्डों में अलग अलग बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं और गणना प्रपत्र भरकर प्राप्ति दी जा रही है। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 07 बीएलओ आलोक शर्मा, वार्ड प्रभारी दीपक शर्मा, एवं वार्ड नंबर 9 में बीएलओ राजेन्द्र सोनी वार्ड प्रभारी कन्हैया लाल मेवाड़े द्वारा एस आई आर सर्वे कर मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। नागरिकों से परिवार के सभी योग्य सदस्यों का विवरण सत्यापित कर सहयोग करने की अपील की गई है। एस आई आर के मुताबिक मतदाता को सन 2003 की मतदाता सूची से उनके माता-पिता या दादा दादी के नाम से सत्यापन करना होगा। मतदाता का स्थान परिवर्तन होने की दशा में पूर्ववत मतदान केन्द्र क्रमांक, मतदाता सूची का सरल क्रमांक और मतदाता सूची की भाग संख्या एसआईआर के दौरान गणना पत्रक में दर्शाना होगी। उल्लेखनीय है कि इस तरह मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 22 साल पहले सन 2003 में किया गया था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इन दिनों बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम नवम्बर 2025 में किया जा रहा है।

---

# रबी सीजन में खाद की बढ़ती मांग कृषि विभाग ने संभाली स्थिति



**सारंगपुर।** क्षेत्र में रबी सीजन के चलते खाद की मांग तेजी से बढ़ गई है। किसानों द्वारा यूरिया एवं डीएपी खाद की बढ़ी हुई आवश्यकता को देखते हुए मंगलवार को कृषि विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नगर की निजी खाद दुकानों का निरीक्षण किया। एसडीओ कृषि राजेश राजपूत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य किसानों को समय पर और सरकारी दरों पर खाद उपलब्ध कराना था। सुबह से ही खाद वितरण शुरू होते ही नगर के विभिन्न निजी दुकानों पर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगहों पर स्थिति ऐसी बनी कि दुकानों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान कुछ किसानों ने अधिक मूल्य पर खाद बेचे जाने की आशंका जताई, जिसके बाद कृषि विभाग तुरंत हरकत में आया।

एसडीओ राजेश राजपूत और टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों का निरीक्षण किया, स्टॉक की जांच की, रेट लिस्ट देखी और किसानों से सीधे बात कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का विक्रय सरकारी निर्धारित दरों पर ही किया जाए तथा बिना किसी भेदभाव के किसानों को क्रमवार वितरण सुनिश्चित किया जाए। टीम ने यह भी कहा कि अगर किसी दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेची जाती है तो संबंधित दुकानदार पर कठोर कार्यवाही की जाएगी अधिकारियों की मौजूदगी के बाद वितरण व्यवस्था में सुधार दिखाई दिया और किसानों को सहज रूप से खाद मिलने लगी।

---

## कट्टे से गोली मारकर लूट करने वाले आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

विगत दिवस 16 नवंबर की रात फरियादी रोहित खाती पिता हरिचरण खाती निवासी ग्राम कुरावर के साथ भोपाल रोड स्थित पंचर दुकान पर हुई लूट व गोलीकांड के आरोपी दया शंकर पंडित व उसके साथियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 80 हजार भी जप्त किए। बताया जा रहा है कि फरियादी से प्रॉपर्टी के काम में कमीशन मांगा गया था जिसका फरियादी द्वारा इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, कट्टे से गोली चलाई तथा फरियादी की जेब में रखे एक लाख लूटकर फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 408/25 धारा 109(1), 311, 309(4), 296(बी) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। घटना के बाद पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं सतत प्रयास से 18 नवंबर को 4 आरोपी गिरफ्तार कर लिए वहीं अभी एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपित दया शंकर उर्फ दया पंडित पिता सोहनलाल शर्मा, निवासी ग्राम बिरगढ़ी, हाल निवासी कुरावर, सुनील पिता गोरेलाल वर्मा निवासी पीलूखेड़ी, दीपक पिता सोहनलाल शर्मा निवासी ग्राम बिरगढ़ी, थाना कुरावर, चेतन चौहान पिता भगवान सिंह निवासी पीलूखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 देशी कट्टे, 01 बंदूक (315 बोर), 02 जिंदा कारतूस, स्कॉर्पियो वाहन तथा 80,000 रुपए नकद बरामद किए।

---

कांग्रेस ने बूथ एजेंट्स को दिया प्रशिक्षण

# मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़, भाजपा के वोट कम करने के अभियान का देंगे जवाब : पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



कांग्रेस पार्टी ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर बीएलए-2 प्रशिक्षण एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया।

बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ होती है। उन्होंने प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहते हुए घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने की अपील की। खींची ने कहा कि यह अभियान संगठन को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस आगामी एक सप्ताह के भीतर 20 नए ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा भी करेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी चरणों की कार्ययोजना तय करते हुए अभियान को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।

### भाजपा के वोट कम करने के अभियान का जवाब देने की तैयारी : खींची

दोपहर में आशा भवन स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में प्रियव्रत सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण भाजपा द्वारा कांग्रेस के वोट कम करने के कथित अभियान का मुकाबला करने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर अभियान का दुरुपयोग कर कांग्रेस समर्थकों के नाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके जवाब में कांग्रेस ने सभी वार्डों और ग्रामों में बूथ एजेंट तैयार कर दिए हैं।

### शहरी मतदाताओं को सबसे ज्यादा परेशानी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खींची ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची से नाम मिलाने में सबसे अधिक दिक्कत आ रही है। 23 साल में कई बार परिसीमन, बूथ परिवर्तन और लोगों के घर बदलने के कारण पुरानी सूची में नाम खोजना कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को मृत, अनुपस्थित और विस्थापित मतदाताओं का डेटा एप पर अपलोड करना होता है, लेकिन वेबसाइट और एप की धीमी गति के कारण कार्य में देरी हो रही है।

---

पुलिस पर आरोप लगाते हुए एसपी ऑफिस पहुंचे प्रजापति समाजजन

# भोजपुर, सुठालिया व कालीपीठ टीआई को सस्पेंड करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों जिले के कालीपीठ, सुठालिया और भोजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रजापति समाज के व्यक्ति की हत्या, आत्महत्या, समाज की युवती को उसके प्रेमी के साथ विदा करने जैसे मामले सामने आए थे। इन तीनों मामलों में संबंधित थानाक्षेत्रों की पुलिस के सुस्त रवैये और लापरवाहियों का आरोप लगाते हुए समाज के अनेकों लोग मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने उक्त तीनों थानों के टीआई को सस्पेंड करने की मांग रखी है।




समाज के प्रदेशाध्यक्ष आरएस कुंभकार, जिलाध्यक्ष दिनेश प्रजापति के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एसपी ऑफिस पहुंचे समाजजनों ने एडिशनल एसपी केएल बंजारे को सौंपे गए ज्ञापन में तीनों घटनाओं में पुलिस द्वारा बरती गई लापरवाही का उल्लेख किया। आरोप लगाया गया कि पुलिस आरोपियों को बचाने के प्रयासों में लगी है। हालांकि, बंजारे ने सभी को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की जांच करवाई जा रही है।

### ये हुए हैं 3 मामले

सुठालिया थानाक्षेत्र के ग्राम मानकी में मई-2025 में हुई घटना में अपराधियों को बचाने के आरोप लगाए गए हैं। इसी तरह कालीपीठ थाने के लसुड़ली लोधा गांव में एक युवती को उसके माता-पिता और पति की मर्जी के खिलाफ प्रेमी के साथ विदा करने के मामले में उचित कार्यवाही की मांग समाजजनों द्वारा की गई। तीसरे मामला भोजपुर थानाक्षेत्र का है जहां चाटुखेड़ा निवासी राधेश्याम प्रजापति की कथित हत्या के मामले में त्वरित जांच की मांग समाजजनों द्वारा रखी गई है। तीन दिवस में उचित कार्यवाही न होने पर समाजजनों ने पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

---

### जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया की अध्यक्षता में 1 नवंबर को प्रारंभ हुई जो 15 नवंबर तक चले। इस दौरान निबंध ,भाषण, चित्रकला, क्विज, नाटक का मंचन, व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र एवं उनके प्रकृति के लिए योगदान पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर प्रीतम गुणावा द्वारा आभार व्यक्त किया।

---

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर बीएलओ व मावि शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों में जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ चल रहा है। लेकिन, कुछ बीएलओ व अन्य कर्मचारी निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में भी लापरवाहियां बरत रहे हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में यह आने पर उन्होंने खुजनेर के एक बीएलओ एवं धनवासकलां में बीएलओ के सहायक माध्यमिक शिक्षक को सस्पेंड करने की कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार खुजनेर में बीएलओ बनाए गए प्रावि शिक्षक मांगीलाल राठौर द्वारा अभी तक सिर्फ चार ही मतदाताओं से फार्म रिसीव किए गए। कलेक्टर को मालूम होने पर उन्होंने पटवारी को वस्तुस्थिति जानने मौके पर भेजा तो बीएलओ राठौर ने उन्हें भी भ्रामक जानकारी दी। इस लापरवाही पर कलेक्टर ने बीएलओ राठौर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजगढ़ एसडीएम कार्यालय नियत किया गया है।

### बीएलओ के सहायक मावि शिक्षक को किया सस्पेंड

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-162 के मतदान केन्द्र क्रमांक-114 धनवासकला में बीएलओ के सहायक के रूप में माध्यमिक शिक्षक कमलेश बैरागी को नियुक्त किया गया था। बैरागी बगैर अधिकारियों को बताए एवं पूर्व अनुमति के अवकाश पर चले गए। इस पर एसडीएम द्वारा निवार्चन कार्य में लापरवाही, उदासीनता एवं आदेश की अवहेलना करने के चलते उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की गई। उक्त के परिपालन में कलेक्टर ने धनवास कलां के माध्यमिक शिक्षक कमलेश बैरागी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है।

---

10 दिवसीय शिविर में दिव्यांगों को सिखाए कई रोजगार मूलक कार्य

# कौशल प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगों से जिपं सीईओ ने खरीदे पेपर बैग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आजीविका मिशन एवं ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा जिले के दिव्यांगों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में रोजगार मूलक कार्यों संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गत 8 नवंबर से 18 नवंबर तक के बीच हुए इस प्रशिक्षण के दौरान 28 दिव्यांगजनों को पेपर बैग, फाइल, लिफाफे, फोल्डर निर्माण इत्यादि काम सिखाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर पहुंचे जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने यहां से जो सीखा है उस कौशल का उपयोग स्वयं का रोजगार स्थापित करने में करें। गढ़पाले ने दिव्यांगजनों के प्रोत्साहन हेतु अन्य प्रेरणास्पद बातें भी साझा की। इस अवसर पर उपस्थित आजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी संदीप सोनी, जिला प्रबंधक कौशल अमित रावत ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सरकारी योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### विभिन्न कार्यों में प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध रहेगा आरसेटी

आरसेटी निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रशिक्षण की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान आगे भी इसी तरह समाज के वंचित वर्ग एवं इच्छुकों हेतु विभिन्न कार्यों में कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। प्रशिक्षण में आरसेटी सदस्यों देवराज सिंह, बालमुकुंद जाटव, देवराज दांगी सहित अन्य की विशेष भूमिका रही।

---

पटना गांव में आयोजित की गई चौपाल, ग्रामीणों से सीधे किया

# कुरीतियों से मुक्त समाज के लिए गांव में चौपाल लगाकर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में व्याप्त बाल-विवाह, बाल-सगाई, नातरा-झगड़ा, महिला अपराधों सहित अन्य कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रशासन एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगलवार को पटना गांव में चौपाल आयोजित कर सामाजिक कुरीतियों पर व्यापक संवाद किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और किशोरी बालिकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि गांव बदलाव की राह पर आगे बढ़ना चाहता है। चौपाल की शुरुआत इस विचार के साथ हुई कि कुरीतियां समाज के लिए नासूर हैं, इन्हें मन से मिटाना ही सुरक्षित और प्रगतिशील समाज की नींव है। अहिंसा टीम ने बताया कि वर्षों से चली आ रही कुप्रथाएं बच्चों का बचपन, उनकी शिक्षा और उनका भविष्य छीन लेती हैं। बाल विवाह और बाल सगाई जहां कानूनी अपराध हैं, वहीं झगड़ा-नातरा जैसी परंपराएं कई बार सामाजिक तनाव, हिंसा और परिवारों के टूटने का कारण भी बनती हैं। चौपाल में जब किशोरी बालिकाओं, महिलाओं से संवाद हुआ तो उनकी बातों ने सबको गंभीर कर दिया। बालिकाओं ने एक स्वर में कहा, हम असमानता, खराब स्वास्थ्य, असुरक्षा, उपेक्षा, शिक्षा से दूरी, मानसिक दबाव, कुपोषण, बाल विवाह कतई नहीं चाहते। हम समानता, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा, पहचान, अच्छी एवं सुलभ शिक्षा की अपेक्षा पुरुष प्रधान समाज से करते हैं।

### गांव को कुरीतियों से मुक्त बनाने का संकल्प

चौपाल के अंत में सभीजनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पटना गांव को कुरीतियों से मुक्त, सुरक्षित, शिक्षित और अधिकार समझ वाला गांव बनाया जाएगा। यह भी तय किया गया कि जागरूकता, शिक्षा और सामुहिक प्रयासों के माध्यम से बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म किया जाएगा। इस संवाद कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम, महिला समूह, युवा साथी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।